STATE OF WASHINGTON
DEPARTMENT OF LICENSING
PO Box 9020 • Olympia, Washington 98507-9020

<<Date>> (Format: Month Day, Year)

एक्टिवेशन कोड: XXXXXX

<<First Name>> <<Last Name>>
<<Address>>
<<City>>, <<State>> <<Zip>>

सन्दर्भ: Washington लाइसेंसिंग विभाग से आवश्यक डेटा सुरक्षा सूचनाएँ

प्रिय <<First Name>> <<Last Name>>,

आपको यह पत्र इसलिए मिल रहा है क्योंकि आपके पास व्यवसाय या पेशेवर लाइसेंस है या आपने Washington स्टेट डिपार्टमेंट ऑफ़ लाइसेंसिंग (Washington State Department of Licensing, DOL) की तरफ से संचालित व्यवसाय और व्यावसायिक लाइसेंस सिस्टम (Business and Professional License System, B&P System) को जानकारी उपलब्ध कराई है। B&P System में DOL और व्यावसायिक इंजीनियरों और भूमि सर्वेक्षक (Board of Registration for Professional Engineers & Land Surveyors, BRPLES) के रजिस्ट्रेशन बोर्ड, दोनों की तरफ से जारी किए गए लाइसेंस की जानकारी शामिल है।

DOL को जानकारी मिली है कि B&P System में आपके लाइसेंस रिकॉर्ड में रखी आपकी व्यक्तिगत जानकारी अनधिकृत गतिविधियों के जोखिम पर थी। आपके लाइसेंस की किस्म के आधार पर, प्रकट की गई जानकारी में आपका नाम, ई-मेल पता, सामाजिक सुरक्षा नंबर, जन्म तिथि और/या ड्राइवर का लाइसेंस नंबर शामिल हो सकता है। जबकि हम इस बात की जांच कर रहे हैं कि यह कैसे हुआ, यह बहुत ज़रूरी है कि हम बिना किसी देरी के आपको यह सूचना दें। आपकी जानकारी को सुरक्षित रखने में आपकी मदद करने के लिए, हम आपको एक वर्ष की निःशुल्क क्रेडिट निगरानी और पहचान की चोरी से सुरक्षा सेवाएँ दे रहे हैं।

क्या हुआ था?

24 जनवरी, 2022 को, DOL इस बात से अवगत हुआ था कि डेटा, जो B&P System से आया हुआ प्रतीत हो रहा था, उसे बिना अनुमति के एक्सेस किया गया था। हमने शीघ्रता से B&P System को ऑफ़लाइन किया और B&P System को होस्ट करने में शामिल सेवा प्रदाताओं को सतर्क कर दिया। हमने इस बात की गहरी जांच शुरू की कि यह कैसे हुआ और व्यापक तौर पर फोरेंसिक विश्लेषण करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ को नियुक्त किया।

DOL की तरफ से संचालित किसी भी अन्य सिस्टम में कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं पाई गई है, जिसमें ड्राइवर और वाहन लाइसेंस सिस्टम शामिल है, इन सभी पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

कौन सी जानकारी शामिल थी?

हमें पता चला है कि शायद आपके DOL पेशेवर या व्यावसायिक लाइसेंस रिकॉर्ड में रखी व्यक्तिगत जानकारी किसी अनधिकृत व्यक्ति द्वारा प्राप्त की गई है। आपके लाइसेंस की किस्म के आधार पर, प्रभावित होने वाली जानकारी में आपका नाम, ई-मेल पता, सोशल सिक्योरिटी नंबर, जन्म तिथि और/या ड्राइवर का लाइसेंस नंबर शामिल हो सकता है।

हम क्या कर रहे हैं?

हमारे पेशेवर और व्यावसायिक लाइसेंस धारकों की जानकारी की सुरक्षा के लिए DOL ने तुरंत B&P System को ऑफ़लाइन कर दिया। हम गहराई से घटना की जांच करने के लिए अपने सेवा प्रदाता, Washington Technology Solutions (WaTech) और राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। कानून प्रवर्तन विभाग भी इसमें शामिल है। जांच हमें अनधिकृत गतिविधि के स्रोत और प्रभावित होने वाले व्यक्तियों के बारे में जानने में मदद कर रही है, इसलिए हम उन्हें सहायता प्रदान कर सकते हैं। हम B&P System की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त सुरक्षा उपाय लागू कर रहे हैं। जैसे ही यह सुरक्षित और उपयुक्त होगा, B&P System को वापस ऑनलाइन लाया जाएगा।

लाइसेंसधारियों पर पड़ने वाले प्रभाव को सीमित करने के लिए जिनके लाइसेंस की समय सीमा हमारे आउटेज के दौरान समाप्त हो गई है, उनके लिए हम ऑटोमैटिक तौर पर 1 अप्रैल, 2022 तक सभी देर से फाइलिंग करने के लिए लगाए जाने वाले जुर्मानों को माफ कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, हम उन नवीनीकरणों को संसाधित करने के लिए प्रोटोकॉल लागू कर रहे हैं जो आउटेज की वजह से रुके हुए हैं। लंबित लाइसेंस से जुड़े प्रश्नों के बारे में विस्तृत से जानकारी पाने के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट www.dol.wa.gov/outage पर जाएँ।

हम क्या सिफ़ारिश करते हैं

हमें लाइसेंसधारियों की तरफ से सौंपी गई व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा को बहुत गंभीरता से लेते हैं। इस पत्र में Experian के साथ क्रेडिट निगरानी के लिए साइन अप करने के लिए विशिष्ट निर्देश शामिल हैं और हम आपको Experian के निगरानी उत्पाद और पहचान बहाली सेवा का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, जो आपको निःशुल्क प्रदान की जाती हैं।

इस मामले की वजह से आपको हुई समस्या और असुविधा के लिए हमें खेद है। यदि आपके कोई प्रश्न हैं, तो कृपया हमारे कॉल सेंटर पर सोमवार-शुक्रवार सुबह 8:00 बजे से शाम 5:00 बजे के बीच, पैसिफिक समयानुसार (855) 568-2160 पर संपर्क करें या www.dol.wa.gov/outage पर जाएँ।

भवदीय,

Washington स्टेट डिपार्टमेंट ऑफ़ लाइसेंसिंग
P.O. Box 9020
Olympia, Washington 98507-9020

पहचान की पुनर्बहाली सेवाएँ—नामांकन की जरूरत नहीं है

Experian के ज़रिए पहचान की पुनर्बहाली सहायता आपके लिए तुरंत उपलब्ध है। आपको नामांकन करने की आवश्यकता नहीं है। अगर आपको ऐसा लगता है कि इस घटना के नतीजन आपकी जानकारी का धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल किया गया था और आप उन समस्याओं का समाधान पाने के लिए सक्षम होने के बारे में विचार-विमर्श करना चाहते हैं, तो कृपया किसी Experian एजेंट से संपर्क करें। Experian की तरफ से पहचान की पुनर्बहाली सेवाओं के लिए पात्रता के प्रमाण के रूप में **संबद्धता नंबर** <<b2b_ text_2(engagement number)>> प्रदान करने के लिए तैयार रहें।

अगर, किसी एजेंट से आपकी स्थिति पर चर्चा करने के बाद, यह निर्धारित किया जाता है कि पहचान की पुनर्बहाली के लिए सहायता की आवश्यकता है, तो एक Experian पहचान की पुनर्बहाली के लिए एजेंट आपके साथ काम करने के लिए उपलब्ध है ताकि घटना की तारीख से होने वाली धोखाधड़ी की हर एक घटना की जांच और समाधान किया जा सके (जैसा उचित हो, विवाद शुल्क और खातों को बंद करने के लिए क्रेडिट अनुदानकर्ताओं से संपर्क करने में आपकी सहायता करना; तीन प्रमुख क्रेडिट ब्यूरो के साथ आपकी क्रेडिट फ़ाइल पर रोक लगाने में आपकी सहायता करना; और आपकी पहचान को उसकी उचित स्थिति में पुनर्बहाल करने में सहायता के लिए सरकारी एजेंसियों से संपर्क करने में आपकी सहायता करना शामिल हैं)।

कृपया ध्यान दें कि इस पत्र की तारीख से एक वर्ष के लिए पहचान की पुनर्बहाली सेवाएँ आपके लिए उपलब्ध है और इस समय आपकी ओर से किसी भी कार्रवाई की आवश्यकता नहीं है। इस पेशकश के नियम और शर्तें www.ExperianIDWorks.com/restoration पर मौजूद हैं।

EXPERIAN IDENTITYWORKS में नामांकन कैसे करें

नामांकन कैसे करें

हम आपको एक वर्ष के लिए मुफ्त सदस्यता के तौर पर Experian IdentityWorks के माध्यम से उपलब्ध धोखाधड़ी का पता लगाने वाले टूल को क्रियाशील करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यह उत्पाद आपको पहचान का पता लगाने और पहचान की चोरी का समाधान प्रदान करता है। अपनी व्यक्तिगत जानकारी की निगरानी करना शुरू करने के लिए, कृपया नीचे दिए गए चरणों का पालन करें:

- सुनिश्चित करें कि आप **24 मई, 2022 तक नामांकन करते हैं।**(इस तारीख के बाद आपका कोड काम नहीं करेगा।)
- नामांकन के लिए Experian IdentityWorks वेबसाइट https://experianidworks.com/3bcredit **पर जाएँ**
- अपना **एक्टिवेशन कोड** प्रदान करें: <<activation code s_n>>
- अपना **इंगेजमेंट नंबर** प्रदान करें: <<b2b_text_2(engagement number)>>

यदि आपके इस उत्पाद को लेकर कोई सवाल है, इस घटना के नतीजन पहचान की पुनर्बहाली के लिए सहायता की आवश्यकता है या Experian IdentityWorks में ऑनलाइन नामांकन का विकल्प पाना चाहते हैं, तो कृपया **24 मई, 2022**तक Experian की ग्राहक सेवा टीम से 1-877-288-8057 पर संपर्क करें। Experian की तरफ से पहचान की पुनर्बहाली सेवाओं के लिए पात्रता के प्रमाण के रूप में इंगेजमेंट नंबर <<b2b_text_2(engagement number)>> देने के लिए तैयार रहें।

एक साल के लिए Experian IdentityWorks की आपकी सदस्यता के संबंध में अतिरिक्त विवरण

Experian IdentityWorks में नामांकन के लिए क्रेडिट कार्ड की आवश्यकता नहीं होती है। एक बार जब आप Experian IdentityWorks में नामांकन कर लेते हैं, तो आप किसी भी धोखाधड़ी के मुद्दों के बारे में तुरंत Experian से संपर्क कर सकते हैं और नीचे दी गई सुविधाओं तक पहुँच प्राप्त कर सकते हैं:

- **साइनअप पर Experian क्रेडिट रिपोर्ट:** देखें कि आपकी क्रेडिट फ़ाइल से कौन सी जानकारी जुड़ी है। दैनिक क्रेडिट रिपोर्ट केवल ऑनलाइन सदस्यों के लिए उपलब्ध हैं।*
- **क्रेडिट की निगरानी:** धोखाधड़ी के संकेतकों के लिए Experian, Equifax और Transunion फाइलों की सक्रियता से निगरानी करता है।
- **पहचान की पुनर्बहाली:** क्रेडिट और गैर-क्रेडिट संबंधी धोखाधड़ी को संबोधित करने में आपकी सहायता के लिए पहचान की पुनर्बहाली विशेषज्ञ शीघ्रता से उपलब्ध हैं।
- **Experian IdentityWorks ExtendCARE™:** आपकी Experian IdentityWorks सदस्यता समाप्त होने के बाद भी आपको समान उच्च-स्तरीय पहचान की पुनर्बहाली सहयोग मिलता है।
- **पहचान की चोरी के लिए $1 मिलियन का बीमा**:** कुछ लागतों और अनधिकृत **इलेक्ट्रॉनिक** फंड ट्रांसफर के लिए कवरेज देता है।

आपकी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखने में मदद के लिए अतिरिक्त कदम

अपने खाते के विवरण की समीक्षा करें और संदिग्ध गतिविधि हेतु कानून प्रवर्तन अधिकारियों को इसकी जानकारी दें: सतर्कता के तौर पर किए गए उपाय के रूप में, हम अनुशंसा करते हैं कि आप सतर्क रहें और अपने खाते के विवरण और क्रेडिट रिपोर्ट की काफी गहराई से समीक्षा करें। यदि आपको किसी खाते पर किसी भी संदिग्ध गतिविधि का पता चलता है, तो आपको तुरंत उस वित्तीय संस्थान या कंपनी को सूचित करना चाहिए जिसके द्वारा खाता संचालित किया जाता है। आपको किसी भी धोखाधड़ी वाली गतिविधि या पहचान की चोरी की किसी भी संदिग्ध घटना की रिपोर्ट तुरंत उचित कानून प्रवर्तन अधिकारियों, अपने राज्य के अटॉर्नी जनरल और/या फ़ेडरल ट्रेड कमीशन (Federal Trade Commission, FTC) को करनी चाहिए।

क्रेडिट रिपोर्ट की प्रति: आप तीन प्रमुख क्रेडिट रिपोर्टिंग एजेंसियों में से प्रत्येक से हर 12 महीने में www.annualcreditreport.com/, पर जाकर, टोल-फ्री 877-322-8228 पर कॉल करके या Annual Credit Report Request Form)वार्षिक क्रेडिट रिपोर्ट अनुरोध फ़ॉर्म(पूरा करके और इसे Credit Report Request Service, P.O. Box 105281, Atlanta, GA 30348 पर डाक द्वारा भेजकर अपनी क्रेडिट रिपोर्ट की एक मुफ्त प्रति प्राप्त कर सकते हैं। आप नीचे दी गई तीन राष्ट्रीय क्रेडिट रिपोर्टिंग एजेंसियों में से किसी भी एक से संपर्क कर सकते हैं:

Equifax	Experian	TransUnion
P.O. Box 105851	P.O. Box 9532	P.O. Box 1000
Atlanta, GA 30348	Allen, TX 75013	Chester, PA 19016
1-800-525-6285	1-888-397-3742	1-877-322-8228
www.equifax.com	www.experian.com	www.transunion.com

धोखाधड़ी की चेतावनी: आप अपनी क्रेडिट रिपोर्ट पर धोखाधड़ी की चेतावनी देने पर विचार कर सकते हैं। एक बार के लिए प्रारंभिक धोखाधड़ी चेतावनी मुफ़्त है और आपकी क्रेडिट फ़ाइल पर एक वर्ष तक रहेगी। यह चेतावनी आपकी रिपोर्ट के भीतर संभावित धोखाधड़ी गतिविधि के लेनदारों को सूचित करता है और अनुरोध करता है कि लेनदार आपके नाम पर कोई भी खाता स्थापित करने से पहले आपसे संपर्क करे। अपनी क्रेडिट रिपोर्ट पर धोखाधड़ी की चेतावनी देने के लिए, ऊपर दी गई तीन क्रेडिट रिपोर्टिंग एजेंसियों में से किसी से संपर्क करें। अतिरिक्त जानकारी www.annualcreditreport.com पर उपलब्ध है।

सुरक्षा फ़्रीज़: आपको अपनी क्रेडिट फ़ाइल पर सुरक्षा फ़्रीज़ लगाने का अधिकार है। यह आपके द्वारा पहुँच की अनुमति के बिना आपके नाम पर नया क्रेडिट खोले जाने से रोकेगा। एक सुरक्षा फ्रीज संभावित लेनदारों को आपकी सहमति के बिना आपकी क्रेडिट रिपोर्ट तक पहुंचने से रोकने के लिए तैयार किया गया है। नतीजन, सुरक्षा फ़्रीज़ का उपयोग करने से आपके क्रेडिट पाने की क्षमता में हस्तक्षेप या देर हो सकती है। आपको प्रत्येक क्रेडिट रिपोर्टिंग एजेंसी के साथ अपनी क्रेडिट फ़ाइल पर अलग से एक सुरक्षा फ्रीज रखना होगा। सुरक्षा फ्रीज लगाने, उठाने या हटाने के लिए कोई शुल्क नहीं है। सुरक्षा फ्रीज रखने के लिए, आपको उपभोक्ता रिपोर्टिंग एजेंसी को आपकी पहचान करने वाली जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता हो सकती है, जिसमें आपका पूरा नाम, सामाजिक सुरक्षा नंबर, जन्म तिथि, वर्तमान और पिछले पते, आपके राज्य की ओर से जारी पहचान पत्र कार्ड और हाल ही का यूटिलिटी बिल, बैंक विवरण या बीमा विवरण की एक प्रति शामिल है।

अतिरिक्त मुफ्त संसाधन: पहचान की चोरी होने से रोकने के लिए आप जो कदम उठा सकते हैं, उसके बारे में आप उपभोक्ता रिपोर्टिंग एजेंसियों, FTC या अपने राज्य के अटॉर्नी जनरल से सूचना पा सकते हैं। आप स्थानीय कानून प्रवर्तन को संदिग्ध पहचान की चोरी की रिपोर्ट कर सकते हैं, जिसमें FTC या आपके राज्य के अटॉर्नी जनरल शामिल हैं।

फ़ेडरल ट्रेड कमीशन (FTC): FTC तक यहां से पहुंचा जा सकता है: 600 Pennsylvania Avenue NW, Washington, DC 20580; www. identitytheft.gov; 1-877-ID-THEFT (1-877-438-4338); और, TTY: 1-866-653-4261। फ़ेडरल ट्रेड कमीशन उन लोगों को प्रोत्साहित करता है जिन्हे यह ज्ञात होता हैं कि उनकी जानकारी का दुरुपयोग उनके साथ शिकायत दर्ज करने के लिए किया गया है जैसा कि उनकी वेबसाइट पर बताया गया है। यदि आप कभी भी पहचान की चोरी या धोखाधड़ी का अनुभव करते हैं, तो आपको पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने का अधिकार है। कृपया ध्यान दें कि पहचान की चोरी के लिए कानून प्रवर्तन के साथ एक रिपोर्ट दर्ज करने के लिए, आपको कुछ सबूत देने की आवश्यकता होगी कि आप शिकार हुए हैं। ज्ञात या संदिग्ध पहचान की चोरी के मामलों की सूचना कानून प्रवर्तन और आपके राज्य के अटॉर्नी जनरल को भी दी जानी चाहिए।

फेयर क्रेडिट रिपोर्टिंग एक्ट (Fair Credit Reporting Act, FCRA): आपके पास फेयर क्रेडिट रिपोर्टिंग एक्ट के अनुसार अधिकार हैं, जैसे कि इस बात को बताए जाने का अधिकार कि क्या आपकी क्रेडिट फाइल की जानकारी का इस्तेमाल आपके खिलाफ किया गया है, इस बात को जानने का अधिकार कि आपकी क्रेडिट फाइल में क्या है, आपके क्रेडिट स्कोर के लिए पूछने का अधिकार, और अधूरी या गलत जानकारी पर प्रतिवाद करने का अधिकार। इसके अतिरिक्त, फेयर क्रेडिट रिपोर्टिंग एक्ट के अनुसार, उपभोक्ता रिपोर्टिंग एजेंसियों को गलत, अधूरी, या असत्यापित जानकारी को सही करना या हटाना होगा; उपभोक्ता रिपोर्टिंग एजेंसियां पुरानी नकारात्मक जानकारी की रिपोर्ट नहीं कर सकती हैं; आपकी फ़ाइल तक पहुंच सीमित है; आपको नियोक्ताओं को दी जाने वाली क्रेडिट रिपोर्ट के लिए अपनी सहमति देनी होगी; आप अपनी क्रेडिट रिपोर्ट में दी गई जानकारी के आधार पर आपको

मिलने वाले क्रेडिट और बीमा की "पहले से जाँच की गई" पेशकश को सीमित कर सकते हैं; और आप उल्लंघनकर्ताओं से हर्जाना मांग सकते हैं। आपके पास फेयर क्रेडिट रिपोर्टिंग एक्ट के तहत ऐसे अतिरिक्त अधिकार हो सकते हैं, जिनका सारांश यहां नहीं दिया गया है। फेयर क्रेडिट रिपोर्टिंग एक्ट के अनुसार पहचान की चोरी के शिकार और सक्रिय ड्यूटी सैन्य कर्मियों के पास विशिष्ट अतिरिक्त अधिकार हैं। हम आपको www.consumerfinance.gov/f/201504_cfpb_summary_your-rights-under-fcra.pdf पर जाकर या Consumer Response Center, Room 130-A, Federal Trade Commission, 600 Pennsylvania Ave. N.W., Washington, D.C. 20580 को लिखकर फेयर क्रेडिट रिपोर्टिंग एक्ट के अनुसार अपने अधिकारों की समीक्षा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।।

California के निवासियों के लिए: पहचान की चोरी से सुरक्षा के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिए आप www.oag.ca.gov/privacy पर California ऑफ़िस ऑफ़ प्राइवेसी प्रोटेक्शन पर जा सकते हैं।

Kentucky निवासियों के लिए: आप स्टेट अटॉर्नी जनरल से Office of the Attorney general of Kentucky, Frankfort, Kentucky 40601; 502-696-5300 पर; या www.ag.ky.gov पर संपर्क कर सकते हैं।

Maryland के निवासियों के लिए: आप स्टेट अटॉर्नी जनरल से 200 St. Paul Place, 16th Floor, Baltimore, MD 21202 टोल-फ्री नंबर 1-888-743-0023 पर; फोन द्वारा (410) 576-6300 पर; उपभोक्ता हॉटलाइन (410) 528-8662 पर; और www.marylandattorneygeneral.gov पर ऑनलाइन संपर्क कर सकते हैं।

New Mexico के निवासियों के लिए: आपके पास फेयर क्रेडिट रिपोर्टिंग एक्ट के अनुसार अधिकार हैं, जैसे कि इस बात को बताए जाने का अधिकार कि क्या आपकी क्रेडिट फाइल की जानकारी का इस्तेमाल आपके खिलाफ किया गया है, इस बात को जानने का अधिकार कि आपकी क्रेडिट फाइल में क्या है, आपके क्रेडिट स्कोर के लिए पूछने का अधिकार, और अधूरी या गलत जानकारी पर प्रतिवाद करने का अधिकार। इसके अतिरिक्त, फेयर क्रेडिट रिपोर्टिंग एक्ट के अनुसार, उपभोक्ता रिपोर्टिंग एजेंसियों को गलत, अधूरी, या असत्यापित जानकारी को सही करना या हटाना होगा; उपभोक्ता रिपोर्टिंग एजेंसियां पुरानी नकारात्मक जानकारी की रिपोर्ट नहीं कर सकती हैं; आपकी फ़ाइल तक पहुंच सीमित है; आपको नियोक्ताओं को दी जाने वाली क्रेडिट रिपोर्ट के लिए अपनी सहमति देनी होगी; आप अपनी क्रेडिट रिपोर्ट में दी गई जानकारी के आधार पर आपको मिलने वाले क्रेडिट और बीमा की "पहले से जाँच की गई" पेशकश को सीमित कर सकते हैं; और आप उल्लंघनकर्ताओं से हर्जाना मांग सकते हैं। आपके पास फेयर क्रेडिट रिपोर्टिंग एक्ट के तहत ऐसे अतिरिक्त अधिकार हो सकते हैं, जिनका सारांश यहां नहीं दिया गया है। फेयर क्रेडिट रिपोर्टिंग एक्ट के अनुसार पहचान की चोरी के शिकार और सक्रिय ड्यूटी सैन्य कर्मियों के पास विशिष्ट अतिरिक्त अधिकार हैं। हम आपको www.consumerfinance.gov/f/201504_cfpb_summary_your-rights-under-fcra.pdf पर जाकर या Consumer Response Center, Room 130-A, Federal Trade Commission, 600 Pennsylvania Ave. N.W., Washington, D.C. 20580 को लिखकर फेयर क्रेडिट रिपोर्टिंग एक्ट के अनुसार अपने अधिकारों की समीक्षा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

North Carolina के निवासियों के लिए: आप स्टेट अटॉर्नी जनरल से 9001 Mail Service Center, Raleigh, NC 27699-9001, 1-877-566-7226 या 1-919-716-6400, www.ncdoj.gov पर संपर्क कर सकते हैं। पहचान की चोरी को रोकने के बारे में आप अटॉर्नी जनरल या फ़ेडरल ट्रेड कमीशन से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

Oregon निवासियों के लिए: आप स्टेट अटॉर्नी जनरल से Oregon Department of Justice, 1162 Court Street NE, Salem, OR 97301-4096; 877-877-9392 पर और ऑनलाइन https://www.doj.state.or.us/ पर संपर्क कर सकते हैं।